an>

title: Need to construct a railway line connecting Kalyan-Titwala-Murbad in Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी (महाराष्ट्र) में मुरबाड तहसील है जो मध्य रेलवे के टिटबाला स्थान से केवल 15 किलोमीटर और कल्याण से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मुरबाड तहसील के अंतर्गत एम.आई.डी.सी. क्षेत्र आता है जिसके कारण यहाँ रोज़गार हेतु भारी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस क्षेत्र में आयात-निर्यात का एकमात्र साधन प्राइवेट सड़क ट्रांसपोर्ट है जिसके कारण यहाँ के लघु उद्योगों को राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाने में मुश्किल हो रही है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कल्याण-टिटवाला-मुरबाड तक रेलवे की नई लाईन बिछाने हेतु आवश्यकत कदम उठाने की कृपा की जाए। इस रेलवे लाईन के निर्माण से यहाँ के लघु उद्योग भी राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना सकेंगे।